साई तिरूपति विवि का दीक्षांत समारोह कल

उदयपुर, (कासं)। उमरड़ा स्थित साई तिरूपति विवि का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 13 जून को मेवाड़ बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जायेगा।

कुलपति प्रो. डॉ. प्रशांत नाहर ने बताया कि समारोह में विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नाकोत्तर तथा पीएच. डी. छात्रों को डिग्री तथा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किए जायेंगे।

विवि में दक्षिणी राजस्थान के अग्रणी मेडिकल कॉलेज व हॉस्पीटल पिम्स के अलावा नर्सिंग, फार्मेसी, फिज़ीओथेरपी, पेरामेडिकल, प्रबंधन, फैशन डिज़ाइनिंग, कंप्युटर साइन्सेस तथा अन्य प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित कॉलेज संचालित हैं। समारोह के मुख्य अतिथि र. ना. टै. मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्रिंसिपल एण्ड कन्ट्रोलर डॉ. राहुल जैन होंगे तथा अध्यक्षता चेयपर्सन आशीष अग्रवाल, सी.ई.ओ. शीतल अग्रवाल तथा एम.डी. नमन अग्रवाल करेंगे।

राष्ट्र प्रथम की भावना से बदली देश की दिशा व दशा : सांसद जोशी

उदयपुर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी देहात जिला द्वारा गुरुवार को यहाँ आयोजित प्रेसवार्ता में चितौड़गढ़ सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करते हुए देश को नई दिशा और नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत की वैश्विक छवि मजबूत हुई है और देश आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

■ **जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराए : सीपी जोशी**

सीपी जोशी ने बताया कि वर्ष 2014 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था जो आज चौथे स्थान पर पहुंच चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। पिछले वर्षों में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 650 अरब डॉलर से अधिक के स्तर तक पहुंचा है। जी.20 की सफल अध्यक्षता और आयोजन ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ किया है।उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने गरीब,किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान के लिए व्यापक योजनाएं लागू कीं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान स्वीकृत किए गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 9 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन वितरित किए गए जिससे ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया तथा अब तक 6 करोड़ से अधिक मुफ्त उपचार किए जा चुके हैं।

डॉ सीपी जोशी ने कहा कि आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पिछले 12 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई लगभग दोगुनी हुई है। रेलवे में 100 प्रतिशत ब्रॉडगेज विद्युतीकरण का लक्ष्य लगभग पूरा हो चुका है। देश में 70 से अधिक नए हवाई अड्डों का विकास किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 85 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यूपीआई के माध्यम से प्रतिमाह अरबों डिजिटल लेन.देन हो रहे हैंए जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

सीपी जोशी ने कहा कि यह राजनीतिक विस्तार नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का विस्तार है। विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी जन.जन तक पहुंचाकर ही अंतिम व्यक्ति तक लाभ सुनिश्चित किया जा सकता है।

इस अवसर पर संभाग प्रभारी नाहर सिंह जोधा,सहकारिता प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड,पूर्व देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान भंवरसिंह पंवार,संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल,जिला मीडिया सह प्रभारी कृष्णकांत कुमावत, विधानसभा मीडिया प्रभारी अशोक आमेटा, देहात जिला के कुंतल जोशी आदि उपस्थित थे।

जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र में सूने मकान से जेवरात व नकदी चोरी करने का मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार उदयलाल मेघवाल ने पुलिस थाने में प्रकण दर्ज करवाया।

कार्यालय ग्राम पंचायत मजावडी
पं.स. गोगुन्दा जिला उदयपुर

क्रमांक: 26.27/6 दिनांक 11.106.26

निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 04 दिनांक .10.06.26 द्वारा अनुबन्ध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सूचना जारी की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-ZUD2627WSOB01127 निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर व सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक ग्राम पंचायत मजावडी — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मजावडी

Name Changed
I Have Changed My Name From Fatema to Fatema Chawand For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o 21, Ezzy Mohalla, Salumber, Raj.

Name Changed
I have changed my name from Kuldeep Singh to Kuldeep Singh Rathore for all purposes. R/o 442-A, Suryanagar, Near Radaji Mandir, Titardi, Udaipur, Raj. 313001

Name Changed
I have changed my name from Mariya to Mariya Hussain. In future to be Known by new name. R/o Villa No 3, AT Elite Villa, Road No 2, Amrit Nagar, Near Siphon Chouraha, Bedla Road Udaipur 313001.

Name Changed
I have changed my name from Eram Aftab Ali to Eram Odawala W/o Mehdi Odawala. In future to be known by new name. R/o H. No. 8, Jet Ram Ji Ki Badi, Neemuch Kheda Dewali Udaipur -313001

Name Changed
I have changed my name from Dipak Kumar To Deepak Kumar Jain for all purposes. R/o Acharya Shri Nanesh Dhayan Kendra, Sundarwas, Udaipur, Raj. 313001

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर (राज.)

नोटिस

पत्रावलीसंख्या:-277/2026/3539 दिनांक-21.5.2026 राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों को (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

चूंकि श्री सुनील त्रिवेदी अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत साहित्य कला संगम सोसायटी, 1 प्रथम तल, झुलेलाल भवन के पास, सेक्टर नं. 4, हिरण मगरी, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। ओर यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आगामी पेशी तारीख 23.07.26 की रखी गयी है।

मुहर (जतीन कुमार गांधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

17 जून को उदयपुर आएंगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

उदयपुर, (कासं)। हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष पूरे होने के मौके पर 17 जून को उदयपुर के गांधी ग्राउंड में एक विशाल राष्ट्र चेतना संकल्प सभा होने जा रही है। इस सभा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत संबोधित करेंगे। आयोजन को लेकर पूरे संभाग में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया. वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के कार्यकर्ता गांव.गांव जाकर हल्दीघाटी गौरव गाथा के पत्रक बांट रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को 17 जून को होने वाली सभा में आने का न्योता भी दिया जा रहा है। उदयपुर शहर और आस.पास के ग्रामीण इलाकों में कार्यकर्ताओं ने पत्रक बांटे।

इस खास मौके पर हल्दीघाटी और बड़गांव क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक नई मांग उठाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर मांग की है कि नए परिसीमन में हल्दीघाटी क्षेत्र जिस भी विधानसभा में आए उसका नाम श्हल्दीघाटी विधानसभा रखा जाए। क्षेत्र के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक की यह इच्छा है कि हल्दीघाटी का नाम हमेशा के लिए विधानसभा के पटल पर दर्ज हो।

■ **पार्किंग से कार्यक्रम स्थल तक लोगों को लाने.ले जाने के लिए ई.रिक्शा की व्यवस्था**

समारोह के संयोजक सीए महावीर चपलोत ने बताया कि 17 जून को महाराणा भूपाल स्टेडियम में सुबह 9.30 बजे मुख्य कार्यक्रम होगा। बाहर से आने वाले वाहनों के लिए विद्या भवन और फतह स्कूल के मैदान में पार्किंग बनाई गई है। धूप और गर्मी को देखते हुए पार्किंग से कार्यक्रम स्थल तक लोगों को लाने.ले जाने के लिए ई.रिक्शा की व्यवस्था की जा रही है ताकि किसी को पैदल न चलना पड़े।

हल्दीघाटी की शौर्य गाथा को पूरे देश में फैलाने के लिए एक अनोखी मुहिम भी चलाई जा रही है। निदेशक सक्सेना ने बताया कि डॉ.भारत भूषण के नेतृत्व में हल्दीघाटी की पवित्र माटी को नागपुर ले जाया गया। वहां चल रहे आरएसएस के कार्यकर्ता विकास वर्ग में देश भर से आए 1100 से ज्यादा शिक्षार्थिय्यों, शिक्षकों और प्रबंधकों को इस पवित्र मिट्टी के पाउच भेंट किए गए हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़

क्रमांक: निविदा/तकनीकी/2026-2027/1206 दिनांक: 11-6-26

निविदा सूचना संख्या 09/2026-2027

नगर विकास प्रन्यास चित्तौड़गढ़ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध व इस कार्य के अनुभवी संवेदकों से कुल 04 कार्य के लिए सील बंद लिफाफे में निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क एवं निर्धारित अमानत राशि की डी.डी सचिव नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़ के नाम से संलग्न करने पर निविदा प्रति जारी की जावेगी। निविदा संबंधी विस्तृत शर्ते एवं अन्य विवरण www.sppp.raj.nic.in एवं http://urban.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उक्त कार्यो के UBN NO. (UTC2627GSOB00046), (UTC2627GSOB00047), (UTC2627GSOB00048), (UTC2627GSOB00049) है।

अधिशाषी अभियंता, नगर विकास न्यास, चित्तौड़गढ़

महिला के विशाल हर्निया का सफल ऑपरेशन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर की जनरल सर्जरी टीम-डॉ. संजीव अग्रवाल (विभागाध्यक्ष), डॉ. मोहित कुमार बडगुर्जर, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. अल्का छाबड़ा एवं डॉ. सीमा परतानी, डॉ. कृष्णा ओटी टीम (हेमंत, दीपक सेन) ने अथक प्रयासों से 77 वर्षीय महिला के अत्यंत विशाल हर्निया (15 गुणा 20 सेमी) का जटिल एवं चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है। रायबरेली (उ.प्र.) की यह महिला कई वर्षों से पेट में भारी सूजन, दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई जैसी समस्याओं से जूझ रही थीं।समस्या को समझने के बाद, महिला रोगी के परिवार वालों ने गीतांजली हॉस्पिटल के सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव अग्रवाल से परामर्श लिया, जिन्होंने पूरी स्थिति का विश्लेषण कर एक चरणबद्ध उपचार योजना तैयार की ऑपरेशन से पहले, डॉ. मोहित कुमार बडगुर्जर के नेतृत्व में सर्जरी टीम ने एक अभिनव तकनीक अपनाई। इसमें रोगी के पेट में कैथेटर डालकर लगभग एक महीने तक एयर इन्फ्लेशन किया गया, जिससे पेट के अंदर की जगह धीरे-धीरे बढ़ाई गई और बड़े हर्निया की सर्जरी को सुरक्षित बनाया गया। इसके बाद डॉ. मोहित कुमार बडगुर्जर व उनकी टीम ने उन्नत तकनीक का उपयोग करके हर्निया की सफल सर्जरी की गई। यह प्रक्रिया बड़े आकार के हर्निया के इलाज में अत्यंत चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। ऑपरेशन के बाद रोगी की स्थिति तेजी से सुधरी और आज वह सामान्य जीवन जी रही हैं तथा अपने दैनिक कार्य आसानी से कर पा रही हैं।

अवैध पिस्टल मय दो मैगजीन व कारतूस जब्त

उदयपुर,(कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक रामकुमार भादु के सुपविजन में कानोड़ थानाधिकारी हंकमसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए संजय पुत्र दिनेश निवासी कानोड़ के घर से एक अवैध पिस्टल दो मैग्जीन व 2 जिंदा कारतूस व दो कारतूस के खोल जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

पूछताछ में बडे भाई नितेश पर भीण्डर में अमर नाम के व्यक्ति ने जानलेवा हकला किया था। जिससे बदला लेने के लिए दीपक निवासी कोटा से उक्त हथियार खरीदना बताया।

आईसीएआई उदयपुर का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

उदयपुर, (कासं)। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की उदयपुर शाखा द्वारा डायरेक्ट टैक्स कमेटी,आईसीएआई के सहयोग से 12 एवं 13 जून को दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डायरेक्ट टैक्स . 2026 चरैवेति का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार प्रात: 9.30 बजे होगा।

उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिसमे आईसीएआई उदयपुर शाखा की प्रबंध समिति, आयोजन समिति एवं अन्य सदस्य सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। देशभर से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के पंजीकरण प्राप्त हो रहे हैं। सम्मेलन में देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर सलाहकारों, अधिवक्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रहेगी।

■ **सम्मेलन में नए आयकर अधिनियम पर होगा मंथन**

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथियों में सीए पंकज शाह (सीसीएम), वाइस चेयरमैन, डायरेक्ट टैक्स कमेटी, आईसीएआई सीए रोहित रुवाटिया (सीसीएम)प्रोग्राम डायरेक्टर,सीए जिगर शाह,मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ),वंडर सीमेंट लिमिटेड, सीए निर्मल कुमार जैन, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एक्मे फिनट्रेड इंडिया लिमिटेड,तथा हीराराम चौधरी एवं भेराराम चौधरी अतिरिक्त आयकर आयुक्त, उदयपुर शामिल रहेंगे।

शाखा उपाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा ने बताया कि सम्मेलन में नए आयकर अधिनियमए 2025 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की जाएगी। प्रोग्राम कन्वीनर सीए हितेश भदादा ने बताया की तकनीकी सत्रों में टैक्स प्लानिंग, असिस्टेंट एवं री.असेसमेंटए रीओपनिंग प्रावधान,अघोषित आय,ट्रस्ट टैक्सेशन,सर्च एंड सीजर, सक्सेशन प्लानिंग तथा नए आयकर अधिनियम के समग्र अवलोकन जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2026/2667 दिनांक :- 9.6.26

- : आपत्ती सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप	चउहद्दी			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्रीमति छगन कंवर पत्नि स्व. श्री जवान सिंह राजावत	सिंहाड, नाथद्वारा भूखण्ड क्षैत्रफल 1610 वर्गफीट	प्रेम सिंह किताबत का मकान	गली व प्रेम सिंह का भूखण्ड	रास्ता व गली तथा गोपाल दर्जी का मकान	स्व. श्री कालू सिंह का मकान

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/2810 दिनांक: 11.6.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	चउहद्दी का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री प्रकाश वसीठा पिता श्री फतहलाल वसीठा, निवासी-नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-06 ख क्षैत्रफल-980 वर्गफिट, सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा	30 फिट रोड	अन्य भूखण्ड	भूखण्ड संख्या-05 ख	भूखण्ड संख्या-07 ख
2.	श्री रणजीत सिंह पिता श्री डुगंर सिंह	भूखण्ड संख्या-11 क्षैत्रफल-1320 वर्गफिट, गजानन्द विहार भलावतों का खेडा, नाथद्वारा	कृषि भूमि	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-12	भूखण्ड संख्या-10
3.	श्री भरत कुमार लौहार पिता श्री धुल चन्द्र लौहार	भूखण्ड संख्या-02 क्षैत्रफल- 1125 वर्गफिट, कृष्णा कॉलोनी, बागोल रोड, नाथद्वारा	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-17	भूखण्ड संख्या-01	भूखण्ड संख्या-03
4.	श्रीमती सुलभ मोतीवाला पत्नि श्री अशोक कुमार पारिख	भूखण्ड संख्या-40 ग क्षैत्रफल-1225 वर्गफिट, सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा	न.पा पडत भूमि	30 फिट रोड ,	भूखण्ड संख्या-41	भूखण्ड संख्या-39
4.	श्री शम्भु पालीवाल पिता श्री आनन्दीलाल निवासी-नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-31 ए क्षैत्रफल-992.35 वर्गफिट, बागोल रोड, नाथद्वारा	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-12	आम रास्ता	भूखण्ड संख्या-31
5.	श्री पंकज कुमार सनाढ्य पिता श्री जगदीश चन्द्र	भूखण्ड संख्या-52 क्षैत्रफल-1727.25 वर्गफिट,श्रीजी विहार कॉलानी बागोल रोड,	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-51	भूखण्ड संख्या-53	40 फिट रोड
6.	श्री हरिसिंह राठौड़ पिता श्री भंवर सिंह राठौड़	भूखण्ड संख्या-29 एवं 30 बी क्षैत्रफल-1500 वर्गफिट, शिव नगर नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-38	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-28	भूखण्ड संख्या-30 ए

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द

जिला परिषद रोड़, राजनगर राजसमन्द पिन 313324

क्रमांक :- नपरा/स्था./श. से. शिविर/2026-27/2598 दिनांक :- 4/6/26

आम-सूचना

राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों को प्रदत्त सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान एवं शहरी क्षेत्र को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाए जाने हेतु जनहित में दिनांक 12.06.2026 से 15.07.2026 तक "शहरी सेवा शिविर-2026" का प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक निम्न स्थानों आयोजन किया जायेगा।

क्र.सं.	दिनांक	वार्ड संख्या	स्थल एवं समय
1	2.06.26 व 15.06.26	5, 6, 7, 8, 9 & 10	कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द
2	16.06.26 व 8.06.26	11, 12, 40, 41, 42 & 43	कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द
3	19.06.26 व 22.06.26	1, 2, 3, 4, 44 & 45	आर.के. स्कूल, सनवाड़
4	23.06.26 व 24-06-26	18, 19, 20 & 21	कैलाश चौराहा स्कूल धोईन्दा
5	25.06.26 व 29-06-26	22, 23 & 24	कैलाश चौराहा स्कूल धोईन्दा
6.	30.06.26 व 01-07-26	25 & 26	सामुदायिक भवन, हाउसिंग बोर्ड
7.	02.07.26 व 03.07.26	16, 17, 27 & 28	रेन बसैरा, भीलवाड़ा रोड, कांकरोली
8	06.07.26 व 07-07-26	29, 30, 31, 32 & 33	रेन बसैरा, भीलवाड़ा रोड, कांकरोली
9	08.07.26 व 09-07-26	13, 14, 15 & 34	नामदेव मन्दिर बस स्टेण्ड, कांकरोली
10	10.07.26 व 13-07-26	35, 36, 37, 38 & 39	नामदेव मन्दिर बस स्टेण्ड, कांकरोली
11	14.07.26 व 15-07-26	समीक्षा शिविर	कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द

अभियान के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य

1. सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई।
2. सीसी/डामर सड़क मरम्मत व पेचवर्क, नाली मरम्मत, सीवर लाईन इत्यादि।
3. स्ट्रीट लाईट लगाने व मरम्मत ।
4. प्रमुख चौराहे, डिवाईडरों, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का रख-रखाव ।
5. यू.डी. टैक्स जमा कराने का कार्य।
6. लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना।
7. जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाईसेन्स, साईनेज लाईसेन्स, सीवर कनेक्शन, ओ एफ सी एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र इत्यादि।
8. अनुमोदित योजनाओं के पट्टे / 69-ए, 54ई, 50बी, 60 सी के अन्तर्गत पट्टे, उपविभाजन-पूर्नगठन, भु-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, खांचा भूमि/लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति इत्यादि प्रकरणों का निस्तारण।
9. विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी करना।
10. विद्यालय, आंगनवाड़ी एव अन्य सार्वजनिक भवनों की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण।
11. अटल पेंशन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त करना।
12. पीएम स्वनिधि योजना के लक्ष्य अनुरूप नए आवेदन प्राप्त करना एवं लंबित आवेदन प्रकरणों का ऋण वितरण किया जाना।

आयुक्त, नगर परिषद राजसमन्द